वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 122 | सोमवार 26 अगस्त 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जन्माष्टमी पर भगवान पहनेंगे 2 .50 लाख की घड़ी



जयपुर. कासं

राजस्थान में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों को सजाया जा रहा है। जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर, गोपीनाथ मंदिर, चित्तौड़गढ़ के सांवरिया सेठ, करौली के मदन मोहन मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। गोपीनाथ मंदिर में भगवान को 2.50 लाख की घड़ी पहनाई जाएगी। द्वारिकाधीश मंदिर कांकरोली में भगवान सोने-चांदी के खिलौनों से खेलेंगे। जयपुर के गोविंददेवजी मंदिर में 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुबह 4.30 से 6.45 बजे तक मंगला आरती दर्शन होंगे। भगवान को नए कपड़े (पोशाक) धारण कराए जाएंगे, जो दो महीने में तैयार हुए। भगवान का विशेष श्रृंगार करने के बाद भक्तों के लिए दर्शन खोले जाएंगे। भक्त पूरे दिन 7 झांकियों में दर्शन कर सकेंगे। जन्माष्टमी पर पास धारी और आमजन के लिए अलग-अलग एंट्री की व्यवस्था रहेगी। पास से एंट्री शाम 7 बजे के बाद बंद कर दी जाएगी। रात 10 से 11 बजे तक कथावाचक गोविंद मिश्र श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत कथा का पाठ करेंगे। जन्म के समय रात 12 बजे 31 तोपों की सलामी होगी। आतिशबाजी की जाएगी। रात 12 बजे गोविंद अभिषेक दर्शन खुलेंगे। इसमें 6 पंडित वेद पाठ करेंगे। दूध,दही, गाय के घी से अभिषेक होगा। अभिषेक के बाद ठाकुरजी को विशेष भोग अर्पण किया जाएगा। इसमें पंजीरी लड्डू, खिरसा और रबड़ी कुल्हड़ का भोग शामिल है।

# संत महात्मा हमारे जीवन में मार्गदर्शक की निभाते हैं भूमिका: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



जयपुर/जोधपुर. कासं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि संत महात्मा हमारे जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। हमारी आध्यात्मिक उन्नति में उनका अहम योगदान होता है। वे समाज को संस्कारित बनाने का कार्य करते हैं और संस्कारवान भावी पीढ़ियां देश-प्रदेश का नाम रोशन करती हैं। शर्मा रविवार को एक दिवसीय जोधपुर यात्रा के दौरान गांधी मैदान में आयोजित 'जीने की कला' विशिष्ट प्रवचन माला कार्यक्रम में शामिल हुए और संत ललितप्रभ, संत चन्द्रप्रभ एवं डॉ. मुनि शांतिप्रिय महाराज से प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत हजारों साल पुरानी है। संत महात्मा हमारी इस संस्कृति के वाहक हैं। शर्मा ने कहा कि हमारी आध्यात्मिक रूप से समृद्धता ही हमें दुनिया में एक विशिष्ट पहचान दिलाती है और इसीलिए भारत को 'विश्वगुरू' कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने बाद में चांदपोल स्थित रामस्नेही संप्रदाय जूना रामद्वारा पहुंचकर संत अमृतराम जी महाराज का भी आशीर्वाद लिया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्यमंत्री के के विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, विधायक अतुल भंसाली एवं देवेन्द्र जोशी उपस्थित रहे।

## आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अपनी जोधपुर यात्रा के दौरान सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। उन्होंने बड़ी संख्या में आए लोगों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी परिवेदनाएं सुनीं और अधिकारियों को इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब, महिला, युवा एवं किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस दिशा में लगातार जनकल्याणकारी निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए आमजन से जुड़ी सेवाओं को निरंतर सुगम और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर वर्ग और हर क्षेत्र का समग्र विकास हो। जनसुनवाई में उपस्थित आमजन ने परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में जोधपुर जिले की घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही साफा, माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री का भावपूर्ण स्वागत किया।

# पूज्य कानकंवरजी म.सा. का जीवन जिनशासन को समर्पित होकर हमारे लिए प्रेरणादायी: कंचनकंवरजी म.सा.

### कानकंवरजी म.सा. की जयंति पर दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**




भीलवाड़ा। आध्यात्म योगिनी पूज्य महासाध्वी श्री कानकंवरजी म.सा. की जयंति के अवसर पर श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य पूज्य श्री मिश्रीमलजी म.सा.ह्यमधुकरह्न के प्रधान सुशिष्य उप प्रवर्तक पूज्य विनयमुनिजी म.सा.ह्यभीमह्न की आज्ञानुवर्तिनी शासन प्रभाविका पूज्य महासाध्वी कंचनकुंवरजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में महावीर भवन बापूनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दो दिवसीय विशेष आयोजन रविवार से शुरू हुए। पहले दिन जन्माष्टमी पर बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता से पूर्व प्रवचन में महासाध्वी कंचनकुंवरजी म.सा. ने कहा कि पूज्य कानकंवरजी म.सा. का पूरा जीवन जिनशासन के लिए समर्पित होने के साथ हम सभी के लिए प्रेरणास्पद भी है। वह गुरू भगवन्तों की सेवा में हमेशा अग्रणी रहने के साथ जो भी उनके सानिध्य में आता था उसे धर्म प्रभावना करने की प्रेरणा देते थे। प्रखर वक्ता साध्वी डॉ.सुलोचनाश्री म.सा. ने कहा कि पूज्य गुरूणी मैया गुणों की खान थी। उनके गुणों के कुछ अंश भी हम अपने जीवन में आत्मसात कर सके तो हमारा बेड़ा पार हो जाएगा। उनके जीवन चारित्र के बारे में बताते हुए कहा कि ऐसे कई प्रेरक प्रसंग है जिनसे सीख लेकर हम अपने जीवन को धर्ममय ओर सार्थक बना सकते है।मधुर व्याख्यानी डॉ. सुलक्षणाश्री म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। धर्मसभा में अनिता बोरदिया एवं सुमित्रा सांखला ने भी भाव अभिव्यक्ति की। फैसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे बाल कृष्ण, राधा, सुदामा, चंदनबाला, आदि कई रूप में तैयार होकर आए ओर मनभावन प्रस्तुतियां दी। सती चंदनबाला के रूप में बालिका अवनी जैन की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। प्रतियोगिता में अवनी जैन प्रथम, जियांशी संचेती द्वितीय एवं श्रेयांश गुगलिया तृतीय रहे। प्रथम तीन विजेताओं को लादूलालजी बोहरा परिवार द्वारा पुरस्कार दिए गए। सभी प्रतिभागियों को सात्वंना पुरस्कार भी दिए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अनिता बोरदिया एवं सुमित्रा सांखला ने निभाई। प्रतियोगिता का संचालन चंदनबाला महिला मण्डल की अध्यक्ष आशा चौधरी ने किया। इसे सफल बनाने में मण्डल की मंत्री रेखा नाहर, पूनम संचेती, प्रकाश नाहर आदि का भी सहयोग रहा। श्रीसंघ के महामंत्री दलपत सेठ ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन सोमवार 26 अगस्त को पारिवारिक जाप का आयोजन होगा। इसमें महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में श्रावक-श्राविकाएं परिवार सहित नवकार मंत्र जाप की आराधना करेंगे। प्रवचन के बाद गुप्त एकासन भी होगा। श्रीसंघ के मंत्री अनिल विश्लोत ने बताया कि धर्मसभा में कांकरोली से महिला मण्डल भी मौजूद रहा। अतिथियों का स्वागत श्रीसंघ द्वारा किया गया।

## ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन द्वारा एक वृक्ष देश के नाम का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन जो निरंतर पर्यावरण संरक्षण हेतु जयपुर शहर में पौधा रोपण व पौधा वितरण के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में ''एक वृक्ष देश के नाम'' को साकार करते हुए संस्था द्वारा दिनाँक 25 अगस्त 2024 को सावित्री पथ पार्क , बापू नगर में पौधरोपण किया गया ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर व्यापार महासंघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेन्द्र बज रहे। समाजसेविका मनीषा जैन ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन अभय शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ऊषा शरद बाकलीवाल, अशोक पाटनी, प्रमोद शर्मा, विजय तोतुका, विशाल कपूर, बज परिवार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कर सभी ने इनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

## प्रभु श्री शान्तिनाथजी का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया



**गुन्सी. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी (राज.) में भगवान शांतिनाथ जी का गर्भ कल्याणक महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चैत्यालय स्थित अतिशयकारी श्री शांतिनाथ भगवान की वृहद् शांतिधारा करने का परम सौभाग्य मुकेश छाबडा चौमूंबाग जयपुर, महेश मोटूका एवं अरविंद ककोड ने प्राप्त किया। तत्पश्चात भक्ति भावों के साथ अष्टद्रव्य से अर्घ्य समर्पित किए। जयपुर, चाकसू , सवाई माधोपुर, निवाई, कोटा, देवली, टोडारायसिंह से पधारे हुए यात्रियों ने झूम-झूमकर भक्ति आराधना का आनंद प्राप्त किया। आज के चातुर्मास संयोजक परिवार बनने का सौभाग्य अभय संगीता पाटनी कलकत्ता वालों ने प्राप्त किया। तत्पश्चात अशोक मन्दोपुर वाले निवाई वालों ने भगवान के श्री चरणों में भक्तामर दीपार्चना कराने का परम सौभाग्य प्राप्त किया। पूज्य आर्यिका माताजी ने प्रवचन देते हुए यात्रियों को संबोधित किया कि- बुराईयों को छोड़ अच्छाईयों को प्राप्त करें। जैसे भगवान शांतिनाथ जी ने क्रोध, मान, माया, लोभ को छोड़ा एवं क्षमा, मार्दव, आर्जव, शुचिता को अपनाया तभी आज हम उनका गर्भ कल्याणक महोत्सव मना रहे है। अच्छाईयों को अंगीकार करने से ही सुख है। जन्म तो सभी प्राणी लेते है पर सार्थकता चरम शरीरी बनकर कल्याणकों को प्राप्त करने में है। भगवान ने अंतिम गर्भ धारण कर अक्षय सुख को प्राप्त किया। भगवान शांतिनाथ जी का गर्भ कल्याणक हमारे जीवन का भी कल्याण करें।

# धर्मनीति से हो राजनीति, सुनिश्चित हो बहन-बेटियों के आत्मसम्मान की सुरक्षाः आचार्य श्री सुंदरसागर जी महाराज

## सांसद अग्रवाल ने आचार्य श्री के पाद-प्रक्षालन कर पाया आशीर्वाद




सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा। शहर के शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागर महाराज के ससंघ चातुर्मासिक( वषायोग ) वषायोग प्रवचन के तहत रविवार को भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल भी आचार्यश्री का आशीर्वाद व मार्गदर्शन पाने के लिए पहुंचे। अग्रवाल ने आचार्य सुंदरसागर महाराज की वंदना व पाद प्रक्षालन करते हुए अर्ध समपर्ण व शास्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्यश्री ने उनके प्रति मंगल भावनाएं व्यक्त करते हुए आशीष प्रदान किया। प्रवचन मे आचार्य सुंदरसागर महाराज ने कहा कि हमारे राष्ट्र को गुलामी के प्रतीक इंडिया नाम से नहीं बल्कि स्वाधीनता के प्रतीक भारत नाम से सम्बोधित किया जाना चाहिए। हम भारतीय है तो भारत ही बोलना चाहिए। राजनीति में धर्म हो तो समाज सुधरता है लेकिन धर्म में राजनीति हो तो धर्म एवं समाज दोनों दूषित होते है। धर्मनीति से राजनीति करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजनीति से भी क्रोध, मान, माया, लोभ,राग,द्धेष हटाना पड़ेगा तभी राम राज्य की कल्पना साकार होगी। बहन-बेटियों के आत्मसम्मान व अस्मिता की सुरक्षा राजनेताओं का प्रथम कर्तव्य है। आचार्यश्री ने कहा कि भारत में हर धर्म के धर्मावलम्बियों को अपनी मान्यता के अनुसार पूजा पाठ करने का अधिकार है पर प्रत्येक को भारत राष्ट्र के प्रति अपने समपर्ण भाव का भी परिचय देना होगा। गुरू आपको उपदेश दे सकता है, मार्ग बता सकता है लेकिन चलने का पुरूषार्थ स्वयं करना पड़ेगा। सबका साथ,सबका विकास ओर सबका विश्वास ही सही मार्ग है। जीयो ओर जीने दो के सिद्धांत आज पूरे विश्व की शांति के लिए प्रांसगिक ओर महत्वपूर्ण है। धर्मसभा में सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि वह हमेशा धर्म व सेवा के पथ पर चलते हुए राजनीतिक कार्य करते रहेंगे ओर ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे जिसके कारण मतदाताओं का विश्वास खंडित हो। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री का आशीर्वाद बेहतर जनहित व धर्म समाज के हित के कार्य करने की प्रेरणा देने वाला है। ऐसे महान संतों के चातुर्मास का लाभ केवल क्षेत्र या समाज विशेष को नहीं बल्कि पूरे भीलवाड़ा को मिल रहा है। मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया कि सांसद दामोदर अग्रवाल का शाल, माला,दुपट्टा व पगड़ी से स्वागत श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश पाटनी व समिति के पदाधिकारियों के साथजैन समाज ने किया। अग्रवाल के साथ पार्षद ओम साईराम का भी स्वागत किया गया। शुरू में मंगलाचरण जिनय जैन, लाड़देवी व मधु जैन ने किया। संचालन पदमचंद काला ने कियाआचार्य सुंदरसागर महाराज के सानिध्य में धार्मिक क्रिकेट प्रतियोगिता (एसपीएल) का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में 22 खिलाड़ियों के साथ दो कैप्टन व दो एम्पायर भी थे। वर्षायोग के नियमित कार्यक्रम श्रृंखला के तहत प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे भगवान का अभिषेक शांतिधारा, सुबह 8.15 बजे दैनिक प्रवचन, सुबह 10 बजे आहार चर्या, दोपहर 3 बजे शास्त्र स्वाध्याय चर्चा, शाम 6.30 बजे शंका समाधान सत्र के बाद गुरू भक्ति एवं आरती का आयोजन हो रहा है।

# गोठी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनाया कृष्ण जन्म महोत्सव





अमित गोधा. शाबाश इंडिया

ब्यावर। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर के प्रांगण में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं द्वारा श्री कृष्ण जन्म महोत्सव बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सब जूनियर वर्ग के बच्चों ने अपनी कक्षा अध्यापिकाओं के प्रोत्साहन से विभिन्न रंगों पर आधारित वेशभूषा पहनकर विद्यालय में होने वाले महोत्सव में चार चांद लगाए। कार्यक्रम का आगाज विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक के निर्देशन में किया गया जिसमें कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने मिलकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की जिसमे कुछ विद्यार्थियों ने राधा, कृष्ण और सखा की वेशभूषा के साथ झांकी के रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी तो कुछ बच्चों ने अपनी चित्र कला का प्रदर्शन कर राधा कृष्ण के चित्र बनाकर उसमें अपनी कल्पनाओं के रंग भरे। कुछ बच्चों द्वारा राधा कृष्ण पर आधारित भजन पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। छोटे छोटे बच्चों द्वारा दही हांडी फोड़ने का भी कार्यक्रम शानदार रहा। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के टिफिन में फ्रूट चाट बनाकर लंच स्वरूप रखा जिसे बच्चों ने अपने क्लास के साथियों के साथ एक दूसरे को खिलाकर फ्रूट चाट पार्टी के रूप में आनंद लिया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा, निदेशक प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अध्यापक अध्यापिकाओं और अभिभावकों को कृष्ण जन्म महोत्सव की बधाई प्रेषित करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए उत्साहवर्धन किया।

## वेद ज्ञान

### संसार क्षणभंगुर है

यह संसार क्षणभंगुर है। संपूर्ण सृष्टि परिवर्तन और विनाश के मूलाधार पर टिकी है। इस तथ्य पर यकीन करने के लिए हमें किसी मत-मतांतर या साक्ष्यों की कोई आवश्यकता नहीं है। इसका कारण यह कि हम नित्य जन्म-मृत्यु के साथ-साथ बच्चे को युवा और युवावस्था को वृद्धावस्था में परिवर्तित होते देखते हैं। फिर भी हम संसार की क्षणभंगुरता का अहसास किए बगैर जन्म पर खुशी, वृद्धावस्था पर क्षुब्धता व मृत्यु पर शोक मनाए चले जाते हैं। हमें इस कटु यथार्थ का बोध भी नहीं होता कि प्रकृति द्वारा युग-युगांतरों से खेला जा रहा परिवर्तन व विनाश का खेल लगातार चलता रहता है। राम हों या कृष्ण, जीसस हों या बुद्ध व महावीर, सबको एक अवधि के बाद शरीर छोड़ना पड़ा। इस संदर्भ में प्रश्न यह उठता है कि इस नश्वर संसार का सृजनकर्ता कौन है, जो इस सृष्टि के विराट आयोजन को संचालित कर रहा है? फिलहाल आदि काल से लगातार फैल रहे इस अनंत ब्रह्मांड और संपूर्ण सृष्टि को संचालित करने वाला कोई नश्वर तत्व तो हो नहीं सकता। हां, नश्वर में निहित ज्ञान स्वरूप परब्रह्म ही माला के मनकों को संभालने वाले धागे की तरह सक्रिय हो सकता है। इस पूरी सृष्टि में सृष्टा ही समाया हुआ है। समस्त जड़-चेतन में उसी का वास है। जिस प्रकार गतिमान पहिया अपरिवर्तनशील कील पर ठहरा हुआ होता है, उसी प्रकार सारे परिवर्तन मृण्मय (सृष्टि के समस्त जड़ चेतन) रूपी परिधि पर होते हैं, जबकि भीतर मौजूद चिन्मय (ज्ञान स्वरूप परब्रह्म) सदा स्थिर रहता है। जिस प्रकार हम ईंट-पत्थरों से मकान (दीवारें) बनवाते हैं, किंतु हम दीवारों में नहीं रहते, बल्कि भीतर स्थित शून्य (रिक्त स्थान) में रहते हैं। यही नहीं, हमारा प्रवेश भी शून्य रूपी दरवाजे से होता है। इसी प्रकार हमारी हृदय गुफा में मौजूद अंतराकाश में आत्मा सतत विराजमान है। चूंकि हमने उसे कभी क्षणभर के लिए भी नहीं खोया है, इसलिए उसकी प्रतीति नहीं होती है। जैसे अपना बिंब देखने के लिए आईने से फासले की जरूरत होती है। परमात्मा को हमें अन्यत्र खोजना है, यह धारणा ही भ्रांत है। परमात्मा हम सब के भीतर मौजूद है और हमें केवल बाहर जाती चेतना की दिशा परिवर्तित करके उसका रुख भीतर की ओर करना होगा, तभी हमें परमात्म तत्व की प्राप्ति हो सकेगी।

## संपादकीय

# भारत को मिलेगी और मजबूती...

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अमेरिका के रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं। खासकर रक्षा मामलों में भारत का रुख अमेरिका की तरफ अधिक केंद्रित होता गया है। आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था यानी एसओएसए पर समझौता उसी की एक कड़ी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने भारत के लिए 443 करोड़ के रक्षा उपकरणों की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है। यह समझौता भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा के दौरान हुआ। इसमें दोनों देशों ने तकनीकी हस्तांतरण और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य सहयोग बढ़ाने जैसे कई अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की। इस समझौते से शांतिकाल, आपात स्थितियों और सशस्त्र संघर्षों में आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधी उत्पादों के अधिग्रहण में आसानी होगी। माना जा रहा है कि इससे रक्षा क्षेत्र में भारतीय और अमेरिकी कंपनियों के बीच निवेश और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे। भारत अब उन घरेलू कंपनियों की सूची तैयार करेगा, जो अमेरिका को सैन्य उपकरणों की आपूर्ति करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए स्वेच्छा से आगे आएंगी। इससे आने वाले वर्षों में भारतीय कंपनियों के लिए महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर मिलने की उम्मीद है। भारतीय सेना लंबे समय से अत्याधुनिक उपकरणों की कमी की शिकायत करती रही है। इसके मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में लड़ाकू विमानों,



पनडुब्बियों, मिसाइलरोधी उपकरणों आदि की खरीद करके सेना को मजबूत बनाने का प्रयास हुआ है। मगर बदलती जरूरतों के मुताबिक अभी सेना को और सशक्त बनाने की जरूरत महसूस की जाती है। हालांकि भारत को सबसे अधिक खतरा चीन से रहता है। पिछले कुछ वर्षों से चीन जिस तरह भारत को धमकाने और चालाकी से थल और जल क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास करता देखा जाता है, इसके चलते दोनों देशों के बीच अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती है, उसमें जमीन और आसमान से मार करने वाले अत्याधुनिक हथियारों के अलावा समुद्र में प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत पर सदा से बल दिया जाता रहा है। अमेरिका के साथ हुए ताजा समझौते में हिंद-प्रशांत में सुरक्षा बढ़ाने पर अधिक जोर है। इस सौदे में खरीदी जाने वाली पनडुब्बियां भारतीय सेना के लिए काफी मददगार साबित होंगी। अमेरिका के साथ रक्षा आपूर्ति व्यवस्था संबंधी समझौते का बड़ा लाभ यह होगा कि विषम परिस्थितियों में भी अमेरिका भारत को रक्षा सहयोग देने से इनकार नहीं कर सकेगा। हालांकि बदलती वैश्विक स्थितियों में किसी भी देश के साथ लंबे समय तक सकारात्मक संबंधों का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। रक्षा क्षेत्र में भारत का बल आत्मनिर्भर बनने पर है। इसके लिए अनेक सफल प्रयास भी हुए हैं। लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक के निर्माण में सफलता मिली है। हल्के हथियारों के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर रहने के बजाय स्वदेशी तकनीक से उन्हें विकसित करने में काफी हद तक कामयाबी हासिल हुई है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अदालत उठा रही है सवाल

करीब छह महीने से शंभू सीमा पर चल रहे किसानों के आंदोलन और उनकी मांगों पर अब तक कोई सहमति नहीं बन पाई है, तो यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि सरकारी तंत्र को इसकी कितनी फिक्र है। जो काम सरकार को खुद अपनी ओर से करना चाहिए था, किसानों से संवाद करके शंभू सीमा को खोलने से लेकर अन्य मसलों पर सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए थी, उसका रास्ता अदालत को बनाना पड़ रहा है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसानों की शिकायतों का 'हमेशा के लिए' सौहार्दपूर्ण समाधान करने के लिए जल्द ही एक बहुसदस्यीय समिति का गठन करेगा। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उसे अंबाला के पास शंभू सीमा पर लगाए गए अवरोधकों को एक हफ्ते के भीतर हटाने के लिए कहा गया था। वहां प्रदर्शनकारी किसान इस वर्ष की फरवरी से अपनी मांगों के साथ डेरा डाले हुए हैं। यह विचित्र है कि कुछ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य कुछ मांगों का मसला इतना जटिल मान लिया गया है कि किसानों को इसके लिए छह महीने से सड़क पर धरना देना पड़ रहा है। हालांकि इससे पहले सरकार के साथ एक बैठक के बाद किसान राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने पर सहमत हो गए थे। इस सिलसिले में शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों से कहा कि वे किसानों के साथ संवाद का रास्ता अपनाएं और उन्हें राजमार्ग से अपने ट्रैक्टर और ट्रालियां हटाने के लिए राजी करें। मगर अब भी इससे संबंधित मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बन पाई है, तो निश्चित रूप से यह सरकार की नाकामी ही कही जाएगी। यह समझना मुश्किल नहीं है कि इतने लंबे समय से शंभू सीमा पर एक व्यस्त सड़क के अवरुद्ध होने से आम



लोगों को कैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा। सरकार के सामने यह प्राथमिक सवाल होना चाहिए था कि वह किसानों की मांगों पर विचार करते हुए, बिना देरी किए वहां आवाजाही को सामान्य बनाने पर सहमति बनाती।

# निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 88 लाभान्वित



**कुचामन सीटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमाला देवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 22 वां निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर सजंय अग्रवाल वीर सुनिल पाटनी वीर सुरेश गोड, डाक्टर जितेश जैन, दानदाता परिवार से वीर कैलाश चन्द पाडंया ने शिविर शुभारंभ किया। सचिव वीर अजीत पहाड़िया ने बताया कि शिविर मे 88 लौगो ने परामर्श लिया एक्सरे व रक्त सम्बंधित जांचें निःशुल्क की गई। नरेश जैन के अनुसार शिविर में वीर रामावतार गोयल, वीर संदीप पाडंया, वीर तेज कुमार बड़जात्या, वीर सुरेन्द्र सिंह दीपपुरा, वीर सुरेश गोड, वीर सुनील पाटनी, वीर नन्दकिशोर विजयकोर बिडसर, वीर प्रदीप काला, महेश लढा .बोदु कुमावत चन्दु ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया। चांदमल शर्मा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, भवर सिह जी कम्पाऊन्डर, मोहन प्रकाश मालपानी ओमप्रकाश अग्रवाल, सोभागमल गगंवाल ने शिविर का अवलोकन कर साधुवाद किया गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाड़िया ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। **-वीर सुभाष पहाडिया**

# भगवान शांतिनाथ स्वामी के कल्याणक दिवस पर हुआ जलाभिषेक एवं पूजा पाठ



**सनावद. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ स्वामी के गर्भ कल्याणक दिवस पर श्रद्धालुओं ने अभिषेक, पूजा पाठ तथा शांति अष्टक का पाठ किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रियम जैन ने बताया कि सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नरेश पाटनी एवं सत्येंद्र जैन ने श्री जी का जलाभिषेक एवं शांति धारा की। कमलेश भूच, शैलेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, राकेश जैन संतोष बाकलीवाल, हीरामणि भूच, रेखा भूच, मंजुला भूच, रेखा जैन, प्रिया जैन ने भगवान शांतिनाथ स्वामी के गुणों का गुणगान करते हुए पूजा स्तुतिपाठ किया। पार्श्व ज्योति मंच द्वारा शांति स्तवन व शांति अष्टक का सामूहिक पाठ किया गया। समाज के डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि तीर्थंकरों के गर्भ में आने पर अलौकिक घटनाओं से तीर्थंकरों के गर्भावतरण का पता श्रद्धालु देवों एवं नगर वासियों को चल जाता है। जिससे वे अत्यंत हर्षित और प्रसन्नचित होते हैं। आज से लाखों वर्ष पूर्व देश के प्रसिद्ध हस्तिनापुर नगर में राजा विश्वसेन की रानी ऐरा देवी के गर्भ में शांतिनाथ का गर्भावतरण होता है। जो कालांतर में षटखंड के चक्रवर्ती राजा बने।

# नवीन भंडारी, ट्रस्टी श्रीराम आशापूरण चैरिटेबल ट्रस्ट की अपील



आज जन्माष्टमी के दिन, हम सभी से अपील करते हैं कि वे गौ माता की सेवा में अपना सहयोग दें। गौ माता हमारी माता हैं और उनकी सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह हमारे समाज के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि गौ माता हमें दूध, दही, घी जैसे कई उपयोगी पदार्थ प्रदान करती हैं। गौ माता की सेवा करना सिर्फ हमारी धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने का एक तरीका है। इसलिए, हमें अपनी परंपराओं को बनाए रखने के लिए एक साथ आना होगा और गौ माता की सेवा करनी होगी। हम आम जनता से गौ माता के लिए दान देने की अपील करते हैं, जैसे कि अन्न, चारा, पैसे आदि। यह दान गौ माता की सेवा के लिए उपयोग किया जाएगा और धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने में मदद करेगा।

**दान करने के लिए हमारे खाते की जानकारी है:**

एकाउंट नामः
श्रीराम आशापूरण चैरिटेबल ट्रस्ट
एकाउंट नंबरः 20960110053744
IFSC कोडः UCBA0002259

**आइए हम सब मिलकर गाय माता की सेवा करें और हमारी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाएं।**

# खण्डेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतीय खण्डेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ मानसरोवर सांगानेर रविवार को द्वारा सुवित्रा हॉस्पिटल, शिप्रा पथ मानसरोवर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 54 यूनिट्स का संग्रह किया गया। संस्था के महामंत्री योगेंद्र लाभी ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष कुंज बिहारी नाटाणी, संयुक्त सचिव कैलाश फरसोईया, श्रेत्रीय मंत्री कृष्ण खूंटेटा, संयोजक रवि मामोडिया, संयोजक अंशु खंडेलवाल, कार्यक्रम सहयोगी और पदाधिकारियों और क्षेत्रीय सदस्यों का सहयोग मिला।

# नैनागिरि में महामस्तकाभिषेक, निर्वाण लाडू, वृक्षारोपण और हुआ प्रबंध समिति का शपथ समारोह

## अनेक न्यायमूर्ति, न्यायाधीश और जनप्रतिनिधियों का मिला मार्गदर्शन



**रत्नेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**

बकस्वाहा। बकस्वाहा तहसील क्षेत्रांतर्गत श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र ( रेशंदीगिरि ) नैनागिरि में विगत दिवस भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक, निर्वाण लाडू तथा वृक्षारोपण तथा शपथ विधि समारोह का गरिमामय आयोजन न्यायमूर्ति राकेश मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली तथा जयंत मलैया विधायक दमोह व पूर्व वित्तमंत्री मप्र शासन के गौरव अध्यक्षता तथा न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि शैलेंद्र जैन विधायक सागर, अरविंद जैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर, ऋषभ कुमार सिंघई न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग दमोह तथा विशेष अतिथि अभिषेक दीक्षित न्यायाधीश बकस्वाहा ,भरत पांडे तहसीलदार बकस्वाहा, भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी उत्तरांचल के शैलेंद्र जैन अलीगढ़ तथा आनंद जैन व निर्मल चंद्र जैन जबलपुर, सुनील जैन एपी बाम बरायठा उपस्थित रहे। जैन तीर्थ नैनागिरि ट्रस्ट कमेटी के मंत्री राजेश जैन रागी तथा प्रचार मंत्री सुरेश सिंघई ने विज्ञप्ति में बताया कि वरदत्तादि ऋषिराजों की निर्वाण भूमि व 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ की समवशरण व गजराज बज्रघोष की स्वर्ग स्थली नैनागिरि की पावन पवित्र भूमि पर आयोजित इस समारोह के मध्यान्ह में ट्रस्ट कमेटी द्वारा मनोनीत प्रबंध समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्य , संरक्षक मंडल , परामर्श मंडल के करीब 200 महानुभावों को न्यायमूर्ति राकेश मिश्रा ने जैन तीर्थ नैनागिरि के संरक्षण , संवर्धन , विकास व तीर्थ के हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहने हेतु शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान पारसनाथ के चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में नैनागिरि ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष सुरेश जैन आईएएस द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का परिचय देते हुए स्वागत भाषण किया तथा तीर्थ क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं गतिविधियों की जानकारी देकर सभी से संरक्षण संवर्धन की कामना की। इस अवसर पर समस्त मुख्य अतिथियों का क्षेत्र कमेटी द्वारा शाल श्रीफल माला तिलक द्वारा अभिवादन स्वागत सम्मानित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने सभी को सारगर्भित मार्गदर्शन के साथ अपने विचार व्यक्त किए। समारोह का संचालन करते हुए राजेश रागी ने तीर्थ परिचय दिया। प्रातःकाल की बेला में भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक , शांतिधारा तथा निर्वाण लाडू में मुख्य रूप से सुनील कुमार बाम एपी स्पेशल बरायठा , राजकुमार रजनीश कुमार छिंदवाड़ा , शैलेंद्र जैन अलीगढ़,धीरज जैन भोपाल , डॉ. पूर्णचंद्र बण्डा , कमल डेवडिया शाहगढ़, रतन चंद शिक्षक बरा , डॉ एसके जैन इंदौर , सुनील कुमार सजल कुमार मोदी करार्पुर, शिक्षक पवन कुमार अतुल कुमार डा. प्रफुल्ल कुमार ( असि. प्रोफेसर ) बरायठा , राकेश पडवार बण्डा , अनिल कुमार अंकुश कुमार दलपतपुर , सुरेश जैन आईएएस भोपाल , आशा वीरेंद्र कुमार बकस्वाहा, श्रीमती प्रभा पीसी जैन सहित हजारों श्रद्धालुओं ने सौभाग्य प्राप्त किया। सभी धार्मिक क्रियाओं को विधि विधान से पं.अशोक बम्हौरी ने कराया। इस अवसर पर आयोजित लाडू सजाओं प्रतिभागियों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें श्रीमती वंदना जैन पाईप सागर का सराहनीय सहयोग रहा ।दोपहर में सामूहिक वात्सल्य भोजन के बाद नैनागिरि विजन टीम के संयोजन में आयोजित एक पेड़ मां के नाम के तहत अतिथियों सहित सैकड़ों बन्धुओं ने वृक्षारोपण किया।

# श्रृद्धालुओं ने केसरिया जी में आचार्य पुलक सागर जी महाराज ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे से विभिन्न मुनि संघो एवं आर्यिकाओं के दर्शनार्थ गये 35 श्रृद्धालुओं के दल ने केसरिया जी तीर्थ क्षेत्र पर विराजमान आचार्य पुलक सागर जी महाराज स संघ के दर्शन कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यक्रम में सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा एवं चंद्रपुरी मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र झंडा ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि केसरिया जी में चार मुनि ओर दो छुल्लिका माताजी के सभी यात्रियों ने दर्शन कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अभिषेक एवं सामूहिक रूप से शांति धारा कर अष्टद्रव्यों पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की,कार्यक्रम में समाज सेवी पारस नला ने अवगत कराया कि उक्त यात्रा संघ देर शाम तक प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र अणिंदा पार्श्वनाथ पहुंचकर दर्शन करने करने के बाद रात्रि विश्राम करेगा और प्रातः काल रवाना होकर रास्ते में विभिन्न स्थानों के दर्शन करते हुए फागी पहुंचेगा।

# उपनगरीय अग्रवाल समाज समिति बापू नगर जयपुर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** उपनगरीय अग्रवाल समाज समिति बापूनगर के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक एडवोकेट अशोक गोयल ने बताया कि रविवार 25 अगस्त 2024 को त्रिलोकी सेवा धाम नंदपुरी हवा सड़क जयपुर में समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।शपथ एडवोकेट रिशिपाल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष मालवीय नगर ने दिलवाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अग्रहोवा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रहलाद स्वरूप अग्रवाल, महामंत्री नेमीचंद गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष रामबाबू अमेरिया शामिल हुए। अध्यक्ष पूरणमल बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता एवं महासचिव सुरेश चंद बसल ,उप मंत्री दीपेश गर्ग, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव मोना अग्रवाल, तथा समन्वयक एवं प्रवक्ता मुकेश सिंघल ने शपथ ग्रहण की। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों को भी शपथ दिलवाई गई ।इस अवसर पर रामबाबू अमरिया जी ने आवाहन किया की यह समिति शीघ्र अग्र भागवत कथा का आयोजन करें।

# जनकपुरी समाज ने मुनि प्रणम्य सागर जी के दर्शन कर किया श्रीफल भेंट






## समाज ने उपाध्याय वृषभा नन्द, मुनि समत्व सागर व मुनि पावन सागर के भी किए दर्शन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी- ज्योतिनगर जैन समाज ने शनिवार को दोपहर में मीरा मार्ग में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी ससंघ को जनकपुरी प्रवास हेतु श्री फल भेंट किया ।मंदिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के साथ मन्त्री देवेंद्र कासलीवाल , संयुक्त मंत्री सुनील सेठी कोषाध्यक्ष सौभाग अजमेरा व सदस्य मिश्री लाल काला महावीर बिंदायक्या नवीन सेठी ने जयकारों के मध्य अर्घ्य बोलते हुए श्रीफल समर्पित कर प्रवास हेतु निवेदन किया। इस समय महिला मंडल की अध्यक्षा शकुन्तला बिंदायक्या, उपाध्यक्ष सुलोचना पाटनी, युवा मंच के मंत्री प्रतीक जैन उपाध्यक्ष नीरज जैन, पाठशाला के संयोजक राजेंद्र जैन के अलावा शिखर चन्द जैन, डा. इन्द्रकुमार, ज्ञान चन्द भोंच सहित समाज के बहुत से गणमान्य पुरुष व महिलाओ की गरिमामय उपस्थिति रही। मुनि श्री को अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने जनकपुरी मन्दिर व वहाँ के मुनि भक्त समाज के बारे में संक्षेप में बताया । मुनि श्री ने समाज को दसलक्षण बाद प्रवास की संभावना बताते हुए सभी को मंगल आशीर्वाद दिया तथा कहा कि यहाँ के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता कर लाभ उठाएँ।मीरा मार्ग के मंत्री राजेंद्र सेठी का कार्यक्रम में पूरा सहयोग रहा।

### उपाध्याय वृषभा नन्द जी को किया श्रीफल भेंट

इसके बाद पूरे समाज ने थडी मार्केट मन्दिरजी जाकर वहां प्रवास रत उपाध्याय वृषभा नन्दजी को श्रीफल भेंट कर प्रवास हेतु निवेदन किया। वहाँ चल रहे स्वाध्याय के बाद मुनि श्री ने सभी को आशीर्वाद के साथ आश्वासन दिया। थडी मार्केट पाठशाला के संयोजक पंकज लुहाड़िया आदि द्वारा यथोचित व्यवस्था की गयी। समाज के सदस्य यहाँ से कीर्ति नगर समत्व सागर जी के पास व दुर्गा पुरा पावन सागर जी के पास भी गये और जयकारों के मध्य आशीर्वचन सुनकर धर्म लाभ लिया।

# जैन धर्म के सोलहवें तीर्थकर शांतिनाथ भगवान का मनाया गर्भकल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक




**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर,मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर शांति नाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए कहा कि कस्बे के बीचला मंदिर पार्श्वनाथ जिनालय में आज प्रातः श्री जी का अभिषेक,शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना करने के बाद चोबीस तीर्थंकरों,पंचपरमेष्ठी, एवं पूर्वाचार्यों कि पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई तथा कार्यक्रम में सामूहिक रूप से श्रीजी की महाशांति धारा की गई तथा जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर शांति नाथ भगवान का जयकारों के भक्ति भाव से गर्भ कल्याणक का अर्घ्य अर्पित कर विश्व में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में पंडित संतोष बजाज, पंडित केलास कडीला, सुरेंद्र चौधरी, रमेश चोधरी , विमल कलवाडा,कमलेश चोधरी , विमल कलवाडा, विरेन्द्र नला,तथा राजाबाबू गोधा, एवं संतरा चोधरी, संजू चोधरी, ईलायची मोदी,विश्वलता चोधरी, मंजू चोधरी,अंजना जैन पचेवर,केलासी चोधरी, तथा शशि चोधरी सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...

**कुलचाराम हैदराबाद. शाबाश इंडिया।**

जिन्दा इन्सान को गिराने में और मरे हुए इन्सान को उठाने में,
गजब की एकता दिखाते हैं लोग..!

आज के वातावरण में धर्म और धर्मात्मा दुःखी, परेशान हो रहा है। अधर्म, पाप, अत्याचार - इन सब पर हावी होता जा रहा है। शायद इसीलिए आज धर्मात्मा दुःखी और परेशान नजर आ रहा है। क्योंकि धर्म और धर्मात्मा आपस में ही लड़ झगड़ रहे हैं -- कोई पन्थ के नाम,, कोई परम्परा के नाम,, कोई मन्दिर के नाम,, कोई सम्प्रदाय के नाम। जो जिस कुल, वंश और धर्म में पैदा हुआ है, उसे वही धर्म और धर्माचरण ग्रहण करना चाहिए। आप देखो? इसाई - मुसलमान से लड़ रहा है,, हिन्दू - जैन से लड़ रहा है। कोई - और किसी से लड़ रहा है। सभी पण्डित, विद्वान, पादरी, मौलवी एक दूसरे से वाद-विवाद में लगे हैं और साधु-सन्यासी एक दूसरे को नीचा दिखाने में अपने को महान समझ रहे हैं। इसलिए धर्म की आड़ में अधर्म, पाप, अत्याचार -- बेशर्म की जड़ की तरह फैलता जा रहा है। अरे बाबू! कर्म का थप्पड़ इतना भारी और भयंकर पड़ता है कि हमारा जमा किया हुआ पुण्य कब पाप में तब्दील हो जाये, हमें खबर भी नहीं पड़ेगी। पुण्य, समय और मौत पर कभी भरोसा मत करना क्योंकि यह कभी भी हम आप पर अटैक कर सकते हैं। पुण्य खत्म होने पर, अच्छे अच्छे राजा महाराजाओं को भी भीख मांगनी पड़ी। इसलिए धर्म की आड़ में - छल कपट, पाप, आरोप लगाकर,, अपने आपको सही साबित मत करो। यदि कोई गधा - शेर की चमड़ी ओढ़ ले, तो क्या वह शेर बन जायेगा...?। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**






भारतीय जैन संगठन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम के तहत शाहपुरा के निकट त्रिवेणी धाम गोशाला एवं देवपुरा गौशाला में पौधरोपण का कार्य संपन्न हुआ।

# सावन की फुहार लहरिए के संग कार्यक्रम में महिलाओं ने उठाया जमकर लुत्फ




**रेणु पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर के द्वारा सावन की फुहार लहरिए के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे आपसी मेलजोल बढ़ाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति समिति की विभिन्न इकाई की सदस्याओं ने दी। समारोह में निर्णायक इंदु जैन एवम सूर्यकांता जैन ने सलोनी जैन को लहरिया क्वीन का खिताब एवम रनर अप ऐश्वर्य लुहाड़िया,प्रीतिका जैन का चयन किया। महिला संभाग अध्यक्ष मधु पाटनी एवम युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कनक जैन,विनीता जैन एवम ऐश्वर्या जैन, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती नवलदेवी प्रेमचंद छाबड़ा रही । दीप प्रज्जल्वनकर्ता एवं चित्र अनावरण कर्ता श्रीमती मीना अजय दोषी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की श्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाली प्रतिभागियों को श्रीमती कमलेश राकेश पालीवाल श्रीमती सुधा मुकेश पालीवाल की ओर से पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अजमेर दक्षिण की विधायिका एवम राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री महिला एवम बाल विकास श्रीमती अनीता भदेल ने समारोह में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंत्री सरला लुहाड़िया एवम भावना बाकलीवाल ने बताया कि छोटा धड़ा की नसिया में स्थापित आदिनाथ निलय के आकर्षक हाल में बड़ी संख्या में लहरिया धारण करके आई सदस्याओं ने आकर्षक एवम मनोरंजन से भरपूर प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम संयोजक समिति की संस्थापक अध्यक्ष अर्चना गंगवाल ने मंच का संचालन किया। समारोह को सफल बनाने में अंजू अजमेरा,रेनू पाटनी,अनीता बड़जात्या, अंजू गोधा शांता काला एवम मधु काला का एवम गोधा गवाड़ी व आगरा गेट इकाई की सदस्याओं का विशेष सहयोग रहा। इससे पूर्व संरक्षक श्रीमती निर्मला पांड्या ने समिति के द्वारा धार्मिक एवम सामाजिक कार्य कलापों की जानकारी दी। इस अवसर पर अल्पाहार एवम स्नेहभोज की व्यवस्था मनीष पाटनी ने संभाली।

# डॉक्टर अल्पना जैन (गंगवाल) ''साहित्य शिल्पी'' तथा ''अथाई साहित्य श्री'' सम्मान से अलंकृत




**मालेगांव. शाबाश इंडिया**

नासिक महाराष्ट्र जैन समाज एवं जैनेत्तर समाज मेंअपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली डॉक्टर अल्पना जैन (गंगवाल) को समन्वय वाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित अथाई साहित्य एवं संस्कृति समन्वय समूह द्वारा जयपुर (राजस्थान) में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर आपकी साहित्यिक प्रतिभा को दृष्टिगत रखते हुए आपको ₹साहित्य शिल्पी₹ सम्मान से अलंकृत किया गया तथा उनकी काव्य प्रतिभा को सम्मान देते हुए आपको ''अथाई साहित्य श्री'' सम्मान से भी अलंकृत किया गया। इस सम्मान में आपको प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अल्पना जैन को यह सम्मान संस्था के संस्थापक डॉ. अखिल बंसल , परमात्म प्रकाश , किशन लाल जांगिड़, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने अपने करकमलों से प्रदान किया। इस अधिवेशन में देश के 12 राज्यों से लगभग डेढ़ सौ पत्रकार ,साहित्यकार कवि/ कवित्रियां तथा समारोह के मुख्य अतिथि क्रमशः जस्टिस जे .के. रांका तथा जस्टिस एन.के. जैन विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी जयपुर की सहायक निदेशक रेशमा खान, प्रसिद्ध कलमकार फारुख अफरीदी, डॉक्टर संजीव भानावत , पूर्व अतिरिक्त निदेशक गोपाल प्रभाकर जी आदि अनेक गणमान्य जन मौजूद थे। कवि एवं कवयित्रियों ने आपको अनेक बधाइयां प्रेषित की। शाबाश इंडिया परिवार आपके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# लुटती जाए द्रौपदी

(कोलकाता कांड विशेष)

चीरहरण को देख कर, दरबारी सब मौन।
प्रश्न करे अँधराज पर, विदुर बने वो कौन।।

राम राज के नाम पर, कैसे हुए सुधार।
घर-घर दुःशासन खड़े, रावण है हर द्वार।।

कदम-कदम पर हैं खड़े, लपलप करे सियार।
जाये तो जाये कहाँ, हर बेटी लाचार।।

बची कहाँ है आजकल, लाज-धर्म की डोर।
पल-पल लुटती बेटियां, कैसा कलयुग घोर।।

वक्त बदलता दे रहा, कैसे- कैसे घाव।
माली बाग उजाड़ते, मांझी खोये नाव।।

घर-घर में रावण हुए, चौराहे पर कंस।
बहू-बेटियां झेलती, नित शैतानी दंश।।

वही खड़ी है द्रौपदी, और बढ़ी है पीर।
दरबारी सब मूक है, कौन बचाये चीर।।

लुटती जाए द्रौपदी,जगह-जगह पर आज।
दुश्शासन नित बढ़ रहे, दिखे नहीं ब्रजराज।।

छुपकर बैठे भेड़िये, लगा रहे हैं दाँव।
बच पाए कैसे सखी, अब भेड़ों का गाँव।।

नहीं सुरक्षित बेटियां, होती रोज शिकार।
घर-गलियां बाजार हो, या संसद का द्वार।।

सजा कड़ी यूं दीजिये, काँप उठे शैतान।
न्याय पीड़िता को मिले, ऐसे रचो विधान।।

लुटती जाए द्रौपदी, बैठे हैं सब मौन।
चीर बचाने चक्रधर, बन आए कौन।।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# बड़ पीपली से निकाली जमुवाय माता की यात्रा

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री जमुवाय माता फाउंडेशन व श्री राजपूत सभा देहात की ओर से एवं मुख्य संरक्षक प्रमेंद्रनाथ महाराज बड़ पिपली बालाजी धाम की सानिध्य में रविवार को सुबह सर्व समाज द्वारा एक दिवसीय वाहन एवं भंडारा कार्यक्रम की यात्रा 7:30 बजे बड़ पिपली बालाजी मंदिर से रवाना हुई। यात्रा सुबह 8:30 बजे गणेश मंदिर तारानगर झोटवाड़ा पहुंची। यहां से यात्रा में हजारों यात्रियों की संख्या में जमुवाय माता मंदिर जमवारामगढ़ के लिए भक्त 9:00 बजे रवाना हुए इससे पूर्व यात्रा का शुभारंभ गणेश मंदिर के महंत व बड़ पिपली बालाजी मंदिर के महंत प्रमेंद्र नाथ महाराज तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर, मोती सिंह सांवली, मेजर जनरल आशु सिंह लाछडी, खातीपुरा व्यापार मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़, राजपूत युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ सिंह बरड़वा, ग्रेटर नगर निगम के पार्षद अजय सिंह चौहान, शेर सिंह कालवी, नारायण सिंह दिवराला ने यात्रा को गणेश महाराज की व जमुवाय माता का जयकारा लगाकर तथा झंडा दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा झोटवाड़ा पुलिया से चौमूं पुलिया, पीतल फैक्ट्री से चांदपोल होते हुए छोटी चौपड़ आमेर स्थित अंबीकेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करके जमुवाय माता मंदिर जमवारामगढ़ जाएगी। वहां पर सभी यात्रियों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण करते हुए यात्रा का समापन किया।



# राजस्थान में पहली बार राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह भर मनाया जायेगा



## पारम्परिक खेलों का भी होगा आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड मे 26 अगस्त से 31 अगस्त तक खेल सप्ताह ः खेल महोत्सवः का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रत्येक दिन विभिन्न खेल जैसे कि दौड, गोला फेक, भाला फेक, सतौलिया, रस्साकस्सी, रूमाल झप्पटा, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबाल, वॉलीबाल, हॉकी, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, फिटनेस चैलेज, रोप जंपिंग, इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 29 अगस्त को स्व. मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस (राष्ट्रीय खेल दिवस) के अवसर पर उन्हें याद करते हुए विशेष कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में राजस्थान विश्वविद्यालय से जुड़े हर वर्ग के कर्मचारी एंव विद्यार्थी हिस्सा लेगें। इस आयोजन का उद्देश्य है कि जो लोग खेल की गतिविधियों से नहीं जुड़े हुए हैं उन्हें खेल से जोड़ा जाए तथा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के लिए प्रेरित किया जाये.यह आयोजन विश्वविद्यालय के संगठक महाविद्यालय में भी मनाया जाएगा। विवि के विद्याथिओ ने खेलो इंडिया में कई मेडल प्राप्त किए एशियन गेम्स में 2 विद्याथियों का चयन हुआ है।

# श्री नामदेव छीपा समाज प्रतिभावान छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह संपन्न

## समारोह में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 300 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री नामदेव छीपा समाज का प्रतिभावान छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह रविवार को तिरुपति पैराडाइज, श्री मिथिला शरण सत्संग भवन, सीनियर हायर सैकण्डरी रोड, सांगानेर में संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष प्रहलाद ऐंचारा ने बताया कि जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी कुंजबिहारी तोणगरिया ने की। डॉ. कुनाल शर्मा और हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य बतौर विशेष प्रमुख अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रूपनारायण छीपा फाउंडेशन विद्याधर नगर के अध्यक्ष दीलिप छीपा, भामाशाह गिरजा शंकर जाजपुरा, समाजसेवी रामरतन धनोपिया समारोह में विशिष्ट अतिथि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश शास्त्री ने बताया कि समारोह का शुभारंभ संत शिरोमणि नामदेवजी की वंदना से हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत और समारोह के मूल लक्ष्य की विवेचना पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रमों की इसी श्रंखला में मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। संस्था के महामंत्री रामस्वरूप खंडेलवाल ने बताया कि माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, स्नातक, स्नातकोत्तर और समकक्ष परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 300 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# जैन दर्शन गुण पूजक है, व्यक्ति पूजक नहीं : युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज

## एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में धर्मसभा का आयोजन




**सुनील चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नेई। गुरु के प्रति अहोभाव, अनुराग हमें गुणवान बनाता है। रविवार को एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर के आनन्द दरबार श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज ने विशाल प्रवचन धर्मसभा मे श्रध्दांलुओ को धर्म उपदेश प्रदान करते हुए कहा कि गुणवान वही बन सकता है, जो गुणों को ग्रहण कर सकता है। गुणवान के प्रति आपका शेयर होना चाहिए। गुरु के प्रति अहोभाव, अनुराग हमें गुणवान बनाता है। गुणवान को देखकर अहोभाव होना चाहिए। हम यदि गुणवान को सम्मान की नजर से देखेंगे और उससे प्रसन्नता का अनुभव करते हैं, तो ज्ञानीजन कहते हैं गुणों की प्रसन्नता हमारे अंदर पैदा हो जाती है। गुणों और गुणवान को देखकर हमारी पात्रता बनती है। उन्होंने कहा कि धन कमाने से व्यक्ति धनवान बनता है, वैसे ही गुणों को ग्रहण करने से गुणवान बनता है। यदि गुणों के आधार पर गुणवान को चुनते हैं तो विवाद नहीं होगा। हमें अच्छाई लेनी है और वैसी ही हमारे अंदर प्रमोद भावना होनी चाहिए। प्रमोद भावना हमारे अंदर रहे दोष को दूर करती है। गुण ग्रहण का भाव गुणवान को देखकर आए, तो समझना हम गुणग्राह्य है। गुणों को ग्रहण करने से हमारा जीवन पवित्र, उज्जवल, समृद्ध बनता है अन्यथा नकारात्मकताओं से भर देता है। दरिद्रता वह है, जिसके पास न गुण है, न गुणों को ग्रहण करने की तैयारी है। जो गुणों को ग्रहण करता है, वह प्रशंसनीय और साधुवाद का पात्र है।

# जरूरत है स्वयं की कीमत पहचानने की: मुनि श्री समत्व सागर जी

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** टोंक रोड स्थित कीर्ति नगर जैन मंदिर में हुई धर्मसभा में जैन संस्कृति के बारे में बताते हुए परम पूज्य आचार्य श्री 108 विषुद्ध सागर के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 समत्व सागर जी महाराज ने कहा कि आज व्यक्ति को अपनी कीमत पहचाननी होगी, बिना कीमत पहचाने इस जीवन का कोई अर्थ नहीं है। इस जीवन में जो व्यक्ति अपनी कीमत पहचान लेता है,वहीं जीवन में सफलता प्राप्त कर लेता है। जैन लोगों को इसलिए श्रेष्ठ माना जाता है,क्योकि जैन लोग चारित्र में श्रेष्ठ थे,विचारों में श्रेष्ठ थे अपनी बात पर अडिग थे,इसलिए जैन लोगों को श्रेष्ठ माना जाता है,लेकिन आज लोग अपनी धर्म,संस्कृति को भूलते जा रहे है,इसलिए जरूरत है अपनी धर्म व संस्कृति को संजोकर स्वयं का संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा किं पूरे विश्व में जैन इतिहास सर्वोपरि हुआ करता था लेकिन आज राजस्थान जयपुर के जैन मंदिर देख लो,दक्षिण भारत के जैन मंदिर देख लो जो अपनी शिला लेखों के बलबूते जैन धर्म की पताका को फहरा रहे है। जितने भी प्राचीन जैन मंदिर है वे सभी हमारी धरोहर है,इन सभी धरोहरों सें प्रेरणा लेकर अपनी जैन संस्कृति पर गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। पूर्व में भी अर्थव्यवस्था जैन समाज का योगदान हुआ करता है और वर्तमान में जैन बंधु देष की अर्थ व्यवस्था में महत्वपूर्ण निभा रहे है। इसलिए हम सभी को ऐसे जैन धर्म पर गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। इसलिए जैन धर्म का हर सिद्धांत हम जीवन को सुखमय जीवन की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि आज लोग भगवान महावीर को तो मानते है लेकिन भगवान महावीर की नहीं मानते है।



# मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में निराश्रितजनों के साथ गोविन्द जांगिड़ ने मनाया अपना जन्मदिन




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं बाल विकास आयोग ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द जांगिड़ ने हर वर्ष की भांति खास अंदाज में अपना जन्मदिन मनाया अपने द्वारा किये जाने वाले नित नए नवाचारों और बाल संरक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न कार्यों के चलते लोगो में एक खास पहचान रखने वाले गोविन्द जांगिड़ ने मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह उदयपुर में निराश्रितजनों के साथ केक काटकर और खाद्य सामग्री वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया इस दौरान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य माननीय ध्रुव कुमार चारण ,उदयपुर जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष माननीया यशोदा पणिया ,जिला बाल कल्याण समिति की सदस्य माननीया संगीता राव ,जिला बाल कल्याण समिति के पूर्व माननीय सदस्य सुरेश कुमार जोशी कवि धीरज ,सुथार रौनक,गौरव सुथार जय सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

# विद्याधरनगर में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** विद्याधर नगर में श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति द्वारा जन्माष्टमी पर्व पर रक्तदाताओं को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि हर माह के चौथे रविवार को श्री अग्रवाल सेवा समिति ,विद्याधर नगर के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में अगस्त माह में जिनके जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आते है उनको आमंत्रित करके म्यूजिकल रक्तदान का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर ओमप्रकाश मोदी ने रक्तदान की महता के बारे में बताया और आग्रह किया कि रक्त की कमी को दूर करने के लिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए एवं स्वयं या किसी को प्रेरित कर के रक्तदान कराकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। रक्तदान शिविर में ओम प्रकाश मोदी, नाथु दूध वाला,सीताराम कांडा, डॉ.के.के शर्मा, शिवकुमार जालान ,अनिल कुमार शर्मा ,, हरिप्रसाद अग्रवाल, पुरोषतम अग्रवाल, सुधीर गोयल, किरण गोयल , सुभाष सैन, रामसुंदर जयपुरिया,अनिता जयपुरिया,शशिकांत अग्रवाल, डॉ. सुनील धायल , नरेश जैन मेड़ता, आदि उपस्थित रहे। शिविर में रक्त संग्रहण फ्रीडम ब्लड बैंक द्वारा किया गया।

# शेखावाटी विकास परिषद में भागवत कथा

## एक अलौकिक लीला थी माखन चोरी : संत हरिशरण दास




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्रीमद् भागवत कथा समिति के बैनर तले विद्याधर नगर,सेक्टर-1 स्थित शेखावाटी विकास परिषद मे चल रही श्री मद भागवत कथा में रविवार को व्यासपीठ से संत हरिशरण दास जी महाराज ने नंदोत्सव,भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला व माखन चोरी लीलाओं के प्रसंग सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर मंगलगीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर संत हरिशरण दास ने कहा कि नंद बाबा ने संतान होने की खुशी में खूब लुटाया, सभी ब्राह्मणों को दान दिया यहां 6 महीने नंदोत्सव को चलते-चलते हुए यहां नंद बाबा कंस का कर देने के लिए मथुरा जाते हैं और गोकुल में हमारे छोटे से लाल कन्हैया के पास पूतना नाम की राछसनी भगवान को करने के लिए आती है पर भगवान श्री कृष्ण ने पूतना का उद्धार किया ऐसे ही आगे बढ़ते बढ़ते भोलेनाथ कृष्ण का दर्शन करने के लिए गोकुल आए और भगवान ने कई सारे राक्षसों का उद्धार किया।उन्होंने आगे माखन चोरी लीला सुनाते हुए कहा कि मक्खन, चिकनाई का प्रतीक है ।चिकनाई को संस्कृत भाषा में स्नेह कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार आह्लाद वंश में और प्रेम के निमित्त हुआ है।प्रेम का उद्दीपन 'स्नेह' ही होता है। स्नेह अर्थात चिकनाई अर्थात मक्खन। भगवान कृष्ण महाविष्णु के पूर्ण स्वरूप अर्थात सम्पूर्ण थे। वह सभी कलाओ, विधाओं और विद्याओं के ज्ञाता थे । फिर भी उन्होंने मोह, ममता और प्रेम से भरी अनेक लौकिक और पारलौकिक लीलाएं की जो साधारण दिखते हुए भी गूढता से भरी हुई है । उन्हीं में से एक है माखन चोरी की घटना। माखन चोरी एक अलौकिक लीला थी जिसके अनेक उद्देश्य हो सकते है, मैं इसलिए कह रहा हूं कि जिन लीलाधर के ज्ञान से मै खुद प्रेरित हूं उनकी लीलाओं का रहस्योघाटन करने की सामर्थ्य मुझमें नहीं है ।मै तो यही कह सकता हूं की,हरि अनन्त हरि कथा अनंता ।गावहि वेद पुरान श्रुति संता। उन्होंने आगे कहा कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है। कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है। सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है। कठिन तपस्या और यज्ञ आदि करने की आवश्यकता नहीं है। जबकि सतयुग, द्वापर और त्रेता युग में ऐसा नहीं था। श्रीमद् भागवत कथा समिति के रामानंद मोदी ने बताया कि कथा 30 अगस्त तक रोजाना दोपहर 2 बजे से होगी,साथ ही सुबह 6.15 बजे से कथा स्थल से प्रभातफेरी निकाली जाएगी।

# DJSG फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा स्वाध्याय धार्मिक तंबोला आरंभ

## राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कल्पना विनायक्या ने किया शुभारंभ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा ब्लू स्टार ग्रुप के संयोजन में पवित्र भाद्रपद मास में स्वाध्याय धार्मिक तंबोला का आनलाइन whatsup ग्रुप के माध्यम से दिनाँक 25 अगस्त से आयोजित किया जा रहा है इसका प्रथम अंक आज राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कल्पना विनायक्या इंदौर ने निकालकर शुभारंभ किया, इससे पूर्व मंगलाचरण एवं मंगलाचरण नृत्य जयपुर रीजन प्रभारी नवीन सेन शशि सेन जैन की दोहिती अमानी बंसल पुत्री श्रीमती चारु अमन बंसल ने वीडियो क्लिप द्वारा प्रस्तुत किया। रीजन महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि रीजन अधीनस्थ सभी ग्रुप के सदस्य इसमें भाग ले रहे हैं प्रतिदिन 8 अंक निकाले जाएंगे जिन पर स्वाध्याय कराया जाएगा सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आज दो सदस्यों श्रीमती स्नेहलता जैन, नवकार ग्रुप, जी सी पाटनी, जयपुर मैंन ग्रुप ने पंच परमेष्ठी का पुरुस्कार जीता। रीजन कार्याध्यक्ष सुनील बज व सुरेश जैन बांदीकुई ने बताया कि स्वाध्याय ब्लू स्टार ग्रुप अध्यक्षा सरला संघी, सचिव ममता गंगवाल, संयोजक छवि जैन, सहयोगी जीतेश जैन द्वारा कराया जा रहा है। कोषाध्यक्ष पारस कुमार जैन ने बताया कि रीजन का उद्देश्य इस पवित्र भाद्रपद मास में सभी सदस्यों के मध्य स्वाध्याय का अध्ययन कराने का है व जैन धर्म का प्रचार प्रसार करना है।

# गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज विनयांजलि विशेषांक का हुआ विमोचन




**कोटा. शाबाश इंडिया।** कोटा, राजस्थान के ऋद्धि-सिद्धी नगर में परम पूज्य श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्यसागर जी महाराज ससंघ के मंगल सान्निध्य में अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि-परिषद के 'बुलेटिन' के गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज विनयांजलि विशेषांक का विमोचन किया गया। विशेषांक का कुशल संपादन डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर ने किया है। विशेषांक परम पूज्य मुनि श्री आदित्यसागर जी महाराज की प्रेरणा एवं समर्पण समूह भारत के सौजन्य से प्रकाशित किया गया है। विमोचन शास्त्रि परिषद के अध्यक्ष डॉ श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत, महामंत्री ब्र. जयकुमार निशान्त टीकमगढ़, विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार जैन वाराणसी, डॉ नरेन्द्र जैन टीकमगढ़ , पंडित विनोद जैन रजवांस, संपादक डॉ सुनील जैन संचय, ललितपुर, डॉ धर्मेंद्र भैया जयपुर, ब्र. विनोद भैया छतरपुर, डॉ ज्योति जैन खतौली, डॉ सुमित जैन उदयपुर, डॉ आशीष जैन बम्होरी दमोह, पंडित अंकित जैन आदि ने किया। विमोचन के बाद सर्वप्रथम एक-एक प्रति मंचासीन मुनिराजों को तथा इसके बाद उपस्थित विद्वानों आदि को भेंट की गयी।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का जयपुर फुट दातारों का सम्मान समारोह संपन्न







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर का जयपुर फुट दातारो का सम्मान समारोह रविवार को भट्टारक जी नसिया स्थित इंद्रलोक सभागार मे आयोजित हुआ। ग्रुप अध्यक्ष सुनील सोगानी ने बताया कि ग्रुप द्वारा 17 अगस्त को महावीर विकलांग समिति परिसर मे जयपुर फुट वितरण का विशाल कैंप लगाया गया था। कैंप मे दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगो को 121 फुट लगवा गए थे। जिन सम्मानीय दातारो ने इसमें सहयोग दिया था उनका आज ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया। ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड एवं मुख्य संयोजक अजय बड़जात्या ने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि महावीर जी तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल थे एवं विशिष्ट अतिथि राजस्थान प्रशानिक अधिकारी रोहित जैन, प्रमुख समाज सेवी गौतम जैन, राकेश जैन, विनय सोगानी, जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, रिजन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी, चेयरमैन इलेक्ट राजीव पाटनी, राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष वेद, राकेश गोधा, मुकेश कासलीवाल आदि ने शिरकत की ' कार्यक्रम की शुरूआत मे पधारे सभी अतिथियों ने महावीर भगवान के सम्मुख दीप प्रवज्जलन किया। ग्रुप के पदाधिकारियो एवं कार्यकारिणी महिला सदस्यों ने णमोकार मन्त्र से एवं तानी सोगानी द्वारा मंगलाचरण से कार्यक्रम का आगाज किया सभी अतिथियों द्वारा दातारो को सम्मान स्वरूप तिलक लगा कर स्मृति चिन्ह प्रदान किये। ग्रुप के सह सचिव महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष सुकेश काला ने बताया कि ग्रुप महिला सदस्य अंतिमा जैन ने शानदार डांस एवं मुनिया सोगानी, अंजना गंगवाल, नीति चाँदवाड एवं सुनीता पाटनी द्वारा देशभक्ति गीत पर डांस प्रस्तुति दी। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी, पूर्व अध्यक्ष अभय गंगवाल, एवं राहुल जैन ने बताया कि ग्रुप द्वारा 121 जयपुर फुट वितरित किये थे खरऋ के इतिहास मे रिकॉर्ड है अभी तक किसी ग्रुप ने एक साथ इतनी संख्या मे फुट वितरित नहीं किये ' अगले एक साल मे 501 फुट वितरित करने का लक्ष्य रखा है जो फेडरेशन डे 17 अगस्त 2025 को लगवाए जायेगे। जयपुर फुट वितरण कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक एवं संयोजक पदम सौगानी, संजय जैन आकोदा, विशेष योगदान देने वाले सदस्य अरुण बिलाला का ग्रुप संस्थापक मनीष झांझरी द्वारा सम्मान किया गया। मंच संचालक श्रीमती शालिनी बाकलीवाल द्वारा का किया गया अंत मे सभी अतिथियों, दातारो एवं ग्रुप सदस्यों का कार्यक्रम मे पधारने का ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड ने धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

## श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में किया प्रतिमाओं का परिमार्जन और मंदिरजी की साफ सफाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामूहिक जिनेंद्र आराधना संस्था फेडरेशन के आह्वान पर आज 25 अगस्त 2024 को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर झोटवाड़ा में प्रतिमाओं का परिमार्जन एवं मंदिरजी में साफ सफाई करके पुण्य का संचय किया।

## कृष्ण भक्ति से सराबोर हुआ स्टेपिंग स्टोनस इंटरनेशनल स्कूल

### धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमो से बच्चो का होता है सर्वांगीण विकासः डॉ. सूर्यवंशी

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के ममेरां रोड़ पर स्थित स्टेपिंग स्टोन्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक डॉ. सतबीर सूर्यवंशी ने की। सभी बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. सूर्यवंशी ने सभी को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी और बताया कि इस तरह के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमो से बच्चो का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय प्राचार्य पूनम कंवर ने कहा कि जन्माष्टमी के दिन श्री कृष्ण के भक्त व्रत रखते हैं और पूजा करते हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति को साल भर के व्रतों से भी अधिक शुभ फल प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की भूमिका में नजर आए। राधा-कृष्ण के अलावा सुदामा, वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी को मनमोह लिया। इस दौरान बच्चो ने माखन चोर धार्मिक प्रस्तुति दी। सभी बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ जन्माष्टमी का त्योहार भजन गाकर व नाचकर मनाया। अंत में सभी को प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर संस्था चैयरमैन ठाकुर गंगा सिंह, पार्षद पूर्णिमा माहीवाल शर्मा, पूनम रानी, रघुवीर सिंह, सुखबीर कौर, मनप्रीत कौर, पूजा, ज्योति, कोमल, अंजू सहित स्कूल के समस्त बच्चे उपस्थित रहे।



# जैन धर्म के 16 वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया

## जैन मंदिरों में हुए विशेष धार्मिक आयोजन

**शाबाश इंडिया/अमन जैन कोटखावदा**

**कोटखावदा।** जैन धर्म के 16 वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव रविवार, 25 अगस्त को भक्ति भाव से मनाया गया । अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इस मौके पर कस्बे सहित जिले के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये । अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन' कोटखावदा' ने बताया कि मंदिरों में प्रातः मंत्रोच्चार से श्री जी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात भगवान शांतिनाथ की अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान गर्भ कल्याणक श्लोक

" असित सातंय भादव जानिये। गरभमंगल तादिन मानिये।। शचि कियो जननी पद चर्चनं। हम करैं इत ये पद अर्चनं।।

का उच्चारण करते हुए गर्भ कल्याणक अर्घ्य चढाया गया ।इस दौरान मंदिर परिसर भगवान शांतिनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठे। भगवान शांतिनाथ की महाआरती से समापन हुआ। कोटखावदा के बडा बास स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में अध्यक्ष महावीर गंगवाल एवं मंत्री दीपक वैद के नेतृत्व में विशेष पूजा अर्चना की गई। प्रचार प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा के मुताबिक बापूगांव के दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार, चाकसू के आदिश्वर धाम, रुपाहेडी कलां, निमोडिया, काशीपुरा, आकोडिया, बस्सी आदि दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान शांतिनाथ के गर्भ कल्याणक दिवस पर पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए।



## विनय से उच्च गोत्र का आस्त्रव होता है: मुनिश्री 108 पावनसागर जी महाराज के प्रवचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुगार्पुरा में परम पूज्य मुनि श्री 108 पावनसागर जी महाराज ने रविवार दिनांक 25 अगस्त को षोडश कारण पर्व के अवसर पर प्रवचन करते हुए बताया कि विनय से उच्च गोत्र का आस्त्रव होता है। विनय पांच प्रकार की दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप एवं उपचार विनय होती है। सच्चे देव, सच्चे शास्त्र, सच्चे गुरु की विनय करें, इनके विपरीत विनय करना मित्थात्व विनय है। विनय गुण से अर्हंत भगवान के गुणों को प्राप्त करते हैं। जो जानता नहीं, वही उपेक्षा और आलोचना करता है विनय गुण से अंतरंग में कल्याण के भाव



के साथ सद्गुण प्रकट होते हैं। श्रावक द्वारा गृहस्थ धर्म की पालना से सुख, शांति, यश व धन की प्राप्ति आदि होती है और यह परंपरा से मोक्ष का कारण है ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र काला ने बताया कि प्रवचन से पूर्व श्रीमान टी. सी. जैन ने सहयोगियों के साथ दीप प्रज्वलन किया, मंगलाचरण मानवी जैन ने एवं शास्त्र भेंट कमल कुमार जी मंजू जी पाटोदी परिवार ने किया। पंडित अजित जैन ने जिनवाणी स्तुति की। संयोजक कमल छाबड़ा डॉ वन्दना जैन ने बताया कि षोडश कारण महापर्व के अवसर पर प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे मुनिश्री के प्रवचन तथा रात्रि 8:00 बजे से पंडित अजीत जैन 'आचार्य' के द्वारा तत्व चर्चा की जा रही है।

# शोक सन्देश

अत्यंत दु:ख के साथ सुचित किया जाता है कि



## श्रीमती शशी बिलाला

(धर्मपत्नी पदम चन्द बिलाला)

का स्वर्गवास दिनांक 25 अगस्त 2024 को रात्रि में हो गया है। अन्तिम यात्रा दिनांक 26 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे निज निवास स्थान 171 महावीर नगर से महारानी फार्म मोक्षधाम जाएगी।

शोकाकुल :- अशोक कुमार, सुरेन्द्र कुमार, राजकुमार, नरेन्द्र, नवीन, विनोद, सुधीर, देवेन्द्र, अनील, संजय

सयंम-स्मृती (पुत्र व पुत्रवधू) एवं समस्त बिलाला परिवार, जयपुर

मन्जु-अशोक जी कोडीवाल, सरिता-मुकेश जी भोसा

श्रीजा-विजय जी पहाड़े

पुजा-अचिन जी जैन

पीहर पक्ष- कमल, अरविंद, रवि, राजकुमार, राकेश, सुनील गोधा कलकत्ता निवासी

भागचंद, सुरेश चन्द्र, अशोक दिवान

# मानसरोवर के सिटी पार्क में मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित अर्हम योग में उमड़े श्रद्धालु





## पाप का फल इस भव में नहीं आने वाले भवों में भी भोगना पड़ता है : मुनि श्री प्रणम्य सागर जी

जयपुर. शाबाश इंडिया

संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में रविवार को मानसरोवर के सिटी पार्क में अर्हम योग का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुनि श्री ने विभिन्न योग क्रियाओं को बताते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विभिन्न समुदायों के 3000 से भी अधिक लोगों ने शिरकत करते हुए योग क्रियाएँ सीखी।

तत्पश्चात मुनि श्री आदिनाथ भवन पहुचे जहाँ पर मुनि श्री के मुखारबिन्द से कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण के चौथे अधिकार का वाचन किया गया। जिसमें मुनि श्री ने महामण्डलीक राजा के बारे में बताते हुए कहा कि औषधि, जड़ी - बूटियां, मंत्र इत्यादि अचेतन होते हैं पर ये चेतन और अचेतन दोनों पर प्रभाव डालते हैं। हमारे पास अचेतन रुपी धन - सम्पत्ति का संग्रह होता है उससे हमारी चेतना पर विश्वास आ जाता है। हम पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मंत्रों सहित प्रतिष्ठित जिन प्रतिमाओं के दर्शन - पूजन करते हैं, उनका स्वप्न में भी अनादर का भाव यदि हम लाते हैं तो पाप का फल हमें इस जन्म में ही नहीं अपितु आने वाले भवों में भी भोगना पडता है। भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत चक्रवर्ती के नाम से इस देश का नाम भारत पड़ा है। जितना प्राचीन यह भारत देश है, उतना ही प्राचीन हमारा जैन धर्म है। हमें उन भरत चक्रवर्ती की महिमा पूरे देश में फैलानी चाहिए। इससे पूर्व आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया। अर्हम चातुर्मास समिति 2024 के शिरोमणि संरक्षक कवरी लाल, अशोक पाटनी, सुरेश पाटनी, विमल पाटनी आर के मार्बल्स परिवार किशनगढ़ द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन किया। समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि इससे पूर्व सभी अतिथियों ने मुनि श्री को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के संयुक्त मंत्री मनोज जैन ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सोमवार , 26 अगस्त को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन आयोजन किया जाएगा इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होंगे। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।

# महासमिति मालवीय नगर संभाग द्वारा स्वर्णजयंती वर्ष पर भव्य आयोजन

जयपुर. शाबाश इंडिया



महासमिति मालवीय नगर संभाग द्वारा स्वर्णजयंती वर्ष पर सुधासागर कॉलोनी सन्मति सभागार में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भक्तामर जी के 26 वें श्लोक से मंगलाचरण के रूप में श्रीमती प्रीति बाकलीवाल महिला प्रकोष्ठ मंत्री,शकुन बड़जात्या,मंजू काला, वैशाली काला द्वारा की गई। दिगम्बर जैन महासमिति, मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत बड़जात्या ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में शिरोमणि संरक्षक,निवर्तमान अध्यक्ष राजस्थान अंचल आदरणीय उत्तम कुमार पांड्या ने गरिमा बढ़ाई। राष्ट्रीय,आंचलिक,संभागीय पदाधिकारियों के स्वागत सम्मान के पश्चात नए सदस्यों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। नए सदस्यों में रमेश पहाड़िया, रुचिन पहाड़िया, विमल गोधा, श्रीमती सुशीला गोधा,नीलू काला, सरिता जैन के विशिष्ट सदस्य बनने पर स्वागत-सम्मान किया गया। शेयर मार्केट एवं म्युचुअल फण्ड की आधारभूत एवं तकनीकी जानकारी अनुभवी सलाहकार देवांग साह मुख्य प्रबंधक, एंजल वन-मुम्बई एवं महीप खंडेलवाल वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एंजल वन द्वारा दी गयी। संयोजक के रूप में सम्पूर्ण कार्यक्रम संजोया युवा प्रकोष्ठ मंत्री कोणार्क काला ने। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन श्रीमती वैशाली काला द्वारा किया गया। सुनियोजित कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए अभिनंदन एवं यादगार स्वरूप स्मृतिचिन्ह देवांग साह, महीप खंडेलवाल, कोणार्क काला को आंचलिक,सम्भागीय पदाधिकारियों द्वारा भेंट किये गए। दुपट्टा ओढा कर वैशाली काला का सम्मान किया गया। अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा राजस्थान अंचल के महामंत्री महावीर बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष रमेश सोगानी, कार्याध्यक्ष-डॉ णमोकार जैन, राजेन्द्र साह,उपाध्यक्ष - राजेश बड़जात्या, यशकमल अजमेरा, सुनील बज,राष्ट्रोय पदाधिकारी डॉ विनोद शाह, राष्ट्रीय सँयुक्त मंत्री डॉ आर के जैन,पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल सांघी,सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश मलैया राजस्थान अंचल के मंत्री भागचंद जैन मित्रपुरा, 3 सेक्टर दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सी एल जैन, सतीश बाकलीवाल, कार्यकारिणी सदस्य मालवीय नगर संभाग एवं प्रचार प्रसार मंत्री अनिल जैन, कोषाध्यक्ष अरुण काला, श्रीमती सरोज पांड्या, श्रीमती ललिता बाकलीवाल, श्रीमती सुमित्रा जैन ने गरिमामयी उपस्थिति दे कर शोभा बढ़ायी। अंत मे अजीत बड़जात्या कोणार्क काला एवं अरुण काला द्वारा महासमिति के राष्ट्रीय, आंचलिक, सम्भागीय पदाधिकारी,मालवीयनगर संभाग की कार्यकारिणी, समस्त सदस्य, एंजल वन टीम के पदाधिकारी,सभी उपस्थित महानुभावों का आभार प्रदर्शित किया गया।